52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 21.7 °c | अधिकतम 34.3 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:14 सूर्यास्त : 5:59 | वर्ष : 52/ अंक : 277 रविवार, 06 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

सफल बनने के लिए सबसे पहले असफलता का डर मन में से निकालना चाहिए।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जिन हाथों में हुनर होता है, लोग उन्हें पीछे बैठा देते हैं : राहुल गांधी



इसीलिए जलेबी गली मोहल्लों से बाहर नहीं निकल पाई.......

# वाह रे भाजपाइयों, अपने ही विधायकों को कार्यक्रम में घुसने नहीं दिया

**मुजफ्फरनगर, 05 अक्टूबर (बु.)।** शायद मीरापुर सीट जीतने से पहले ही आज इस सीट पर भाजपाइयों की पहले से ही हार हो गई। उक्त सीट हमेशा से विवादों में ही रही है, कभी सहमति बनाकर किसी बाहरी व्यक्ति को यह सीट सौंप दी जाती है और भाजपाइयों को हार का सामना करना पड़ता है और आज मीरापुर सीट पर एक नए विवाद ने ही जन्म ले लिया।

आज शुकतीर्थ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन था और उक्त कार्यक्रम में स्वयं उप मुख्यमंत्री कार्यालय से सम्मान सहित चारों पूर्व विधायकों को हैलीपेड पर आमंत्रित किया गया और मंच पर भी रहने के लिए निर्देशित किया गया था। मगर बड़ा तमाशा तब हुआ जब चार पूर्व विधायकों को गेट से खाली वापस लौटना पड़ा, क्योंकि प्रशासन के अनुसार उनके नाम मंच पर बैठने वाले लोगों की लिस्ट में थे ही नहीं। अपना सा मुंह लेकर चारों पूर्व विधायक कार्यक्रम छोड़कर वापस लौट गये। उक्त विधायकों में पूर्व विधायक विक्रम सैनी, बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक, पुरकाजी विधायक प्रमोद उटवाल और अशोक कंसल शामिल थे। उनके साथ साथ अन्य कई कार्यकर्ता भी वापस लौट गये। सोशल मीडिया पर जब उनके वापस लौटने की वीडियो चली तो भाजपा की पूरी किरकिरी पूरे जिले में होती दिखाई दी। सभी ने एक स्वर में एक ही बात कही कि पांच विधानसभा सीटों और एक सांसदी गवां कर भी यदि भाजपा ने कोई सबक नहीं लिया तो मीरापुर सीट भी किसी सूरत में भाजपाई नहीं जीत पायेंगे, बेशक उनका गठबंधन रालोद के साथ हो, मगर इस बार भी भाजपा का वोटर नाराज होकर घर ही बैठेगा और भाजपा को इस सीट पर भी हार का ही मुंह देखना पड़ेगा। उक्त घटनाक्रम के बाद राजीनतिक गलियारों में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। विपक्ष का कहना है कि जब पार्टी में उनके पूर्व विधायकों का ही कोई महत्व ही नहीं है तो कार्यकर्ताओं की बात तो बहुत दूर की बात है। कार्यकर्ता तो पहले से ही भाजपा की सत्ता में आने के बाद पार्टी हाईकमान की गतिविधियों को लगातार कोसता है, अदना सा पुलिस वाला भी भाजपा के बड़े से बड़े नेताओं को कुछ नहीं समाता है और रही सही कसर अब मीरापुर सीट हारकर पूरी हो जायेगी।

## विक्रम सैनी बोले-जिलाध्यक्ष ने पूरी पार्टी को कर दिया खत्म



**मुजफ्फरनगर।** उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लिस्ट में अपना नाम न होने के बाद पूर्व विधायक विक्रम सैनी वापस वहां से लौट गये और उन्होंने अपना बयान देते हुए कहा कि मैं तो पहले से ही कहता आ रहा हूं कि ये जिलाध्यक्ष पूरी पार्टी को निपटाकर रहेगा। पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने बुलेटिन को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें स्थानीय भाजपा जिलाध्यक्ष ने कोई न्यौता नहीं दिया था, उन्हें तो सीधा उप मुख्यमंत्री के कार्यालय से सम्मान मंच पर बैठने का न्यौता आया था, इसी के चलते वे कार्यक्रम में आ भी गये थे। उन्होंने कहा कि मुो ज्यादा कुछ नहीं कहना आने वाले 2027 के चुनाव में बस मुजफ्फरनगर की एक सीट सदर विधानसभा की आहुति देना और बाकी रह गया है, यदि ऐसे जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में चुनाव होंगे तो भाजपा जमीन के अंदर गड़ती दिखाई देगी। इतना अव्यवहारिक जिलाध्यक्ष शायद अबतक पूरे भाजपा के कार्यकाल में न आया है और न आयेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लिस्ट में नाम न होने की जिम्मेदारी जिलाध्यक्ष की होती है, न किसी विधायक और न ही किसी मंत्री की, इसके लिए पूरी तरह जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ही जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि मैंने तो कुछ दिन पहले भी खुलकर कहा था कि भाजपा का बेडागर्क करने वाला एक अकेला ही आदमी बहुत है और ये तमाश फिर सामने आ गया।



चलो मुझसे तो भेदभाव बरता जा सकता था, मगर बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक, पुरकाजी विधायक प्रमोद उटवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल ने ऐसा कौन सा गुनाह कर दिया था जो अब उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उनके भी लिस्ट से नाम गायब थे। 2027 के चुनाव में यदि ऐसे ही जिलाध्यक्ष कायम रहेगी तो एक भी सीट भाजपा की आने वाली नहीं है और यह एक सीट भी योगी जी की वजह से बची हुई है, नहीं तो हाल ही में सांसदी की हार का नजारा भी ऐसे जिलाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में परवान चढ़ा ये मुझे बताने की जरूरत नहीं है।

## लो साहब... भ्रष्टाचार का एक और जीता जागता सुबूत, डॉक्टर ने मांगे 15 हजार

### मरीज के तीमारदार ने भ्रष्टाचारी डॉक्टर का किया सही उपचार

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)।** जब से जिलाधिकारी उमेश मिश्रा जनपद में आए हैं और उन्होंने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मुहिम छेड़ने की घोषणा की है, जब से आम जनता सतर्क होती दिखाई दे रही है। साहब के सामने मरीज के तीमारदार ने जीता-जागता मामला पहुंचा दिया है। दरअसल बुढ़ाना के एक मरीज के तीमारदार ने सीएचसी के डॉक्टर देवेन्द्र कुमार से एक ऑपरेशन कराया था। ठीक तरह से ऑपरेशन हो जाने के बाद मरीज के तीमारदार ने डॉक्टर देवेन्द्र कुमार की पैसे के लेन-देन की रिकॉर्डिंग कर ली। तीमारदार ने होशियारी दिखाते हुए डॉक्टर साहब से फोन पर बात करते हुए कहा कि साहब आपने ऑपरेशन के पन्द्रह हजार रुपये तय किये थे, जिसमें से दस हजार तो मैं आपको दे चुका हूँ, अगर तीन हजार रुपये और दे दूंगा तो काम चल जाएगा क्या, इस पर डॉक्टर देवेन्द्र कुमार ने कहा कि भाई ऐसा मत करो तुम्हें आगे भी काम लेना है, इन पैसों को पूरे ही देना, उसके बाद तीमारदार ने डॉक्टर साहब से पूछा कि साहब आगे भी ऐसी ही सेवाएं देते रहेंगे ना, चिंता मत करो, तुम जब चाहो ऐसी सेवा ले लेना मगर फिलहाल पैसे पूरे पांच हजार और भिजवाना। इसके बाद तीमारदार ने इसकी शिकायत सीएमओ साहब को की। बुलेटिन ने सीएमओ से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि यह मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में है और डॉक्टर देवेन्द्र कुमार को तुरन्त बुढ़ाना सीएचसी से हटा दिया गया है। अब देखना यह होगा कि डीएम की जांच में उक्त डॉक्टर के खिलाफ क्या कार्यवाही अमल में लाई जाती है। परिजन इस बात का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल आमजन में यही चर्चा है कि डीएम इसी तरह की छूट दिये रखें तो ऐसे कई भ्रष्टाचारी डॉक्टरों का उपचार नेता करें या न करें मगर आम जनता जरूर करती रहेगी।

## विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

### संविदाकर्मी लाइनमैन की करंट से झुलसकर मौत

**मुजफ्फरनगर, 5 अक्टूबर (बु.)।** विद्युत विभाग के लापरवाही के चलते अनाथ हो गए दो बच्चे, उक्त मामला लालूखेड़ी का है, जहां संविदा पर कार्य करने वाला मथन सिंह पुत्र ईश्वर शटडाउन लेकर बिजली का कार्य करने लाइन पर चला गया। लाइन पर जाते ही न जाने किसने बिना अनुमति के ही बिजली घर से बिजली छोड़ दी, जिससे मथन सिंह निवासी साल्हाखेड़ी पूरी तरह लाइन पर ही झुलस गया। आनन-फानन में उसके सहयोगी उसे अस्पताल ले जाने लगे मगर रास्ते में ही मथन सिंह ने दम तोड़ दिया। इसकी सूचना जैसे ही क्षेत्र के लोगों और परिवार को मिली, तो परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और जब यह पता लगा कि मृतक संविदाकर्मी के बच्चों के सिर से पिता का साया तो चला ही गया, कुछ वर्ष पूर्व संविदाकर्मी लाइनमैन की पत्नी की भी बीमारी के चलते मौत हो गई थी। एसे में दोनों बच्चे अनाथ हो गए। मृतक मथन सिंह का एक बेटा और एक बेटी है। बिजली घर की लापरवाही के चलते क्षेत्र के लोगों ने वहां जमकर प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग करते हुए विद्युत विभाग पर जमकर आरोप लगाए। परिजनों ने बताया कि मृतक मथन सिंह के साथ चार बार पहले भी उसके ऐसा हो चुका है। ऐसा लग रहा है की मथन सिंह की जान बूझकर उसकी हत्या की गयी है।











